# झारखण्ड सरकार
# झारखण्ड संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा पर्षद

विज्ञापन संख्या : जे॰सी॰ई॰सी॰ई॰बी॰ / 10 / 24 – 36 ,राँची / दिनांकः 22 / 08 / 2024

**ए0एन0एम0 प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा (ANM Entrance Competitive Examination) – 2024 के आयोजन से संबंधित सूचना**

..............................

राज्य के नर्सिंग संस्थानों मे शैक्षणिक वर्ष–2024–25 के ए0एन0एम0 पाठ्यक्रम में नामांकन हेतु ऑनलाईन आवेदन आमंत्रित किया जाता है। झारखण्ड राज्य के स्थानीय निवासियों के सभी सुपात्र अभ्यर्थियों के नामांकन के पश्चात् सीटें रिक्त रहने की स्थिति में ही अन्य सुपात्र अभ्यर्थियों को प्रवेश दिया जा सकेगा।

झारखण्ड राज्यांतर्गत नर्सिंग संस्थानों के प्रबंधन, नामांकन एवं परीक्षा संचालन (संशोधन) नियमावली, 2024 के अनुसार :–

**सीटों का वर्गीकरण–**

(1) सरकारी संस्थानों में छात्र–छात्राओं के नामांकन हेतु सीटों का कोई वर्गीकरण नहीं होगा। सभी सीट झारखण्ड संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा पर्षद द्वारा आयोजित परीक्षा के माध्यम से नियमानुसार अनुशंसा के आधार पर पूर्व की भाँति भरी जायेंगी।

(2) गैर–सरकारी संस्थानों में नामांकन हेतु सीटों का विभाजन 50 प्रतिशत मुक्त सीट (Open Seat) एवं 50 प्रतिशत प्रबंधन सीट (Management Seat) में होगा।

**नामांकन हेतु चयन प्रक्रिया–**

(1) राज्यांतर्गत सरकारी संस्थानों में छात्र–छात्राओं के नामांकन हेतु झारखण्ड संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा पर्षद द्वारा प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा एवं साक्षात्कार की प्रक्रिया का अनुपालन किया जाता है।

(2) राज्य के लोक निजी भागीदारी के आधार पर संचालित नर्सिंग संस्थानों तथा गैर–सरकारी संस्थानों में भी सभी सीटों पर नामांकन हेतु छात्र–छात्राओं को झारखण्ड संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा पर्षद द्वारा आयोजित प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा में भाग लेना अनिवार्य होगा।

(3) लोक निजी भागीदारी के आधार पर संचालित नर्सिंग संस्थानों तथा गैर–सरकारी संस्थानों के 50 प्रतिशत मुक्त सीट (Open Seat) में नामांकन हेतु सरकारी संस्थानों में नामांकन के लिए निर्धारित विहित प्रक्रिया के अनुरूप ही कार्यवाई की जायेगी।

शेष 50 प्रतिशत प्रबंधन सीट (Management Seat) में नामांकन हेतु झारखण्ड संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा पर्षद द्वारा आयोजित प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा में उत्तीर्ण होना अनिवार्य है।

(4) प्रवेश परीक्षा की निर्धारित उत्तीर्णता 40 Percentile है :–

**महत्वपूर्ण तिथियॉ :–**

| क्र0 सं0 | विवरण | तिथि |
|---|---|---|
| 1. | ऑनलाईन आवेदन पत्र भरने की शुरूआत | दिनांक – 24.08.2024 |
| 2. | ऑनलाईन आवेदन पत्र भरने की समाप्ति | दिनांक – 09.09.2024 |
| 3. | ऑनलाईन आवेदन पत्र में भरे गये प्रविष्टियों में संशोधन (Online Edit) की तिथि | दिनांक – 10.09.2024 |
| 4. | परीक्षा की तिथि एवं समय | दिनांक – 22.09.2024 (रविवार) एवं पूर्वाह्न 10:00 बजे से दोपहर 12:00 बजे तक |

**2.** <u>प्रशिक्षण की अवधिः–</u> 2 वर्ष

**3.** <u>शैक्षणिक योग्यताः–</u>

**<u>Eligibility Criteria for ANM :</u>**

[i] The minimum age for admission shall be 17 years on or before 31st December, 2024.

[ii] The Maximum age for admission shall be 35 years.

[iii] The minimum educational requirement shall be 10+2 in Arts (Mathematics, Physics, Chemistry, Biology, Biotechnology, Economics, Political Science, History, Geography, Business Studies, Accountancy, Home Science, Sociology, Psychology, and Philosophy) and English Core/English Elective OR Science OR Health care Science - Vocational stream ONLY passing out from recognized Board.

[iv] Student shall be medically fit.

[v] Student Qualified in 10+2 Arts or Science examination conducted by National Institute of Open School.

[vi] Only female candidates are eligible for ANM course.

**4.** <u>आवेदन पत्र की उपलब्धताः–</u> आवेदक पर्षद के वेबसाईट http://jceceb.jharkhand.gov.in के Homepage पर "Click here for All Online Application Submission – JCECEB 2024" बटन पर Click करने के बाद "ANM Entrance Competitive Examination-2024" Link पर Click कर दिये गये दिशा–निर्देशों का पालन करते हुए **24.08.2024 से दिनांक 09.09.2024 तक ऑनलाईन आवेदन पत्र भर सकते है। आवेदन पत्र में भरे गये प्रविष्टियों में (यदि संशोधन की आवश्यकता हो तो) दिनांक–10.09.2024 तक संशोधन कर सकते हैं। आवेदन की प्रविष्टियों में संशोधन करने की यह अंतिम अवसर होगा।** ऑनलाईन आवेदन करते समय पासपोर्ट साईज का अपना रंगीन फोटोग्राफ, जिसमें चेहरे के साथ–साथ दोनों कान स्पष्ट रूप से दिखाई देना चाहिए तथा संपादित (Edited) नहीं होना चाहिए; हस्ताक्षर एवं बाँयें हाथ के अंगूठे का निशान तैयार रखें तथा दिये गये निर्देशों का पालन करते हुए अपलोड करें। ऑनलाईन आवेदन करने पर उसका प्रिंट आउट पर्षद कार्यालय को नहीं भेजना है।

**5.** <u>परीक्षा केन्द्र एवं परीक्षा की तिथिः–</u>

यह परीक्षा 22 सितम्बर 2024 को राँची, धनबाद, पलामू, जमशेदपुर दुमका एवं हजारीबाग जिला मुख्यालय स्थित विभिन्न परीक्षा केन्द्रों पर आयोजित की जायेगी। ऑनलाईन आवेदन के समय अभ्यर्थियों को प्राथमिकतानुसार परीक्षा केन्द्र मुख्यालय का चयन कर लेना होगा। परीक्षा केन्द्रों से संबंधित जिला मुख्यालयों की संख्या अपरिहार्य कारणवश पर्षद द्वारा घटाई जा सकती है। परीक्षा केन्द्र एवं अन्य संबंधित सूचना, ऑनलाईन प्रवेश पत्र (Online Admit Card) में अंकित रहेगी। आवेदकों को पर्षद के वेबसाईट से प्रवेश पत्र डाउनलोड (Download) की सुविधा परीक्षा की तिथि के चार (4) दिन पूर्व उपलब्ध करायी जायेगी।

**6.** <u>परीक्षा शुल्कः–</u> आवेदकों को परीक्षा शुल्क Payment Gateway के माध्यम से Credit Card/Debit Card/Net Banking/UPI के द्वारा जमा करना अनिवार्य होगा, जो अप्रतिदेय (Non refundable) होगा। दिव्यांग आवेदकों को आवेदन शुल्क देय नहीं है।

| कम सं0 | कोटि / कोटा | राशि | अभियुक्ति |
|---|---|---|---|
| 1. | सामान्य (General)/आर्थिक रूप से कमजोर नागरिकों के वर्ग (EWS) / पिछड़ी जाति–I (BC-I) / पिछड़ी जाति–II (BC-II) अनुसूचित जाति (SC) / अनुसूचित जनजाति (ST) / सभी कोटियों की महिलायें (Female of all Categories) | 450.00 | दिव्यांग आवेदकों को आवेदन–सह–परीक्षा शुल्क देय नहीं हैं। |

**<u>7. परीक्षा का स्तर एवं प्रकारः–</u>** प्रवेश परीक्षा 100 अंकों की होगी। प्रश्न वस्तुनिष्ट (Objective) तथा MCQ प्रकार के होंगें।

| क्रम संख्या | विषय | अंक |
|---|---|---|
| (क) | सामान्य विज्ञान | 50 |
| (ख) | समान्य ज्ञान | 25 |
| (ग) | गणित | 25 |
| | | 100 |

**<u>8. मेधा सूची :–</u>** मेधा सूची का निर्माण विभिन्न विषयों में प्राप्तांक के आधार पर किया जायेगा। दो या दो से अधिक अभ्यर्थियों के प्राप्तांक समान होने की स्थिति में विज्ञान में अधिक अंक प्राप्त करने वाले को प्राथमिकता दी जायेगी, विज्ञान में भी समान अंक रहने पर समान्य ज्ञान में अधिक अंक वाले को प्राथमिकता दिया जायेगा, विज्ञान एवं समान्य ज्ञान में समान अंक रहने की स्थिति में गणित में अधिक अंक पाने वाले को प्राथमिकता दी जायेगी। उसके बाद भी समान अंक रहने पर पहले जन्म तिथि वाले अभ्यर्थी को प्राथमिकता दी जायेगी। यह भी स्थिति समान होने पर उनके नाम के प्रथम् अंग्रेजी अक्षरों के वर्णात्मक क्रम के अनुसार प्राथमिकता दी जायेगी।

<u>9. आरक्षणः</u>– **समान्य वर्ग के आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (EWS)/अत्यंत पिछड़ा वर्ग (अनुसूची–1) (BC-I)/पिछड़ा वर्ग (अनुसूची–2)(BC-II)/अनुसूचित जनजाति (ST)/आदिम जन जाति (P.T.G.)/अनुसूचित जाति (SC)/शारीरिक रूप से दिव्यांग (PH/DQ) अभ्यर्थियों के लिए राज्य सरकार द्वारा जारी अद्यतन आरक्षण नीति प्रभावी होगा।**

<u>10. अन्य आवश्यक सूचनाएँ :–</u>

- ए॰एन॰एम॰ पाठ्यक्रम की संस्थानवार/कोटिवार सीटों की विस्तृत विवरणी एवं प्रमाण–पत्रों के प्रारूप एवं अधिसूचना की प्रति पर्षद के वेबसाईट <u>http://jceceb.jharkhand.gov.in</u> के Homepage पर Downloads कॉलम में देखा जा सकता है।
- साक्षात्कार एवं सीटों की संस्थानवार/कोटिवार विवरणी संबंधी अद्यतन सूचनाओं के लिए पर्षद के वेबसाईट <u>http://jceceb.jharkhand.gov.in</u> के सम्पर्क में बने रहें।
- वैसे अभ्यर्थी जो ANM तथा GNM दोनों पाठ्यक्रमों हेतु आवेदन करते है वे परीक्षा केन्द्र शहर एक ही का चयण करे ताकि उनका परीक्षा केन्द्र एक ही विद्यालय में रखा जा सके।

परीक्षा नियंत्रक के आदेश से,

ह0/–
(रंजीता हेम्ब्रम, झा॰प्र॰से॰)
उप परीक्षा नियंत्रक